फा.सं. -2018/29/19प्रशा.-I
भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
वी. रामालिंगस्वामी भवन,
अंसारी नगर, नई दिल्ली110029-

दिनांक: .10.2021
12.11.2021

संविदा आधार पर हिंदी अनुवादक की नियुक्ति।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत संगठन है। परामर्शक की नियुक्ति हेतु परिषद के दिशा-निदेशों के निबंधन और शर्तों के अनुसार, संविदा आधार पर हिन्दी अनुवादक के एक पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते है प्रांरभ में, यह पद एक वर्ष के लिए है, किंतु कार्य निष्पादन के अधीन समय-सीमा को आगे बढ़ाया जा सकता है।

2. **अनुवादक के कर्तव्य/जिम्मेदारियां** : हिन्दी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद करना तथा नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा सौंपे जाने वाले अन्य कार्य करना।
3. **आयु:** 40 वर्ष से कम (आवेदन पत्र की प्राप्ति की अंतिम तारीख तक)
4. **पारिश्रमिक:** परामर्शक को रुपये 35,000/- प्रति माह (स्थिर) भुगतान किया जाएगा
5. **कार्य स्थल:** परिषद मुख्यालय, (आईसीएमआर), नई दिल्ली-110029
6. **शैक्षिक योग्यता:**
   i. डिग्री स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी के साथ हिन्दी में स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री।
   ii. अनुवाद में डिप्लोमा और कंप्यूटर पर हिन्दी और अंग्रेजी टंकण की जानकारी तथा MS ऑफिस की मौलिक जानकारी रखने वाले व्यक्ति को वरियता दी जाएगी।
7. **अनुभव:** अनुवाद कार्य में कम से कम 2 वर्षों का अनुभव
8. इच्छुक उम्मीदवार अपेक्षित दस्तावेजों (पहचान-पत्र, जन्मतिथि, योग्यता और अनुभव) की प्रतियों को अपलोड करते हुए आईसीएमआर वेबसाइट https://projectjobs.icmr.org.in के माध्यम से **दिनांक 02.12.2021 को सायं 5.00 बजे** तक या उससे पहले आवेदन कर सकते है।
9. उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा (हिंदी-अंग्रेजी अनुवाद) और उसके बाद साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवारों को **दिनांक 06.12.2021 को प्रात: 10.30 बजे** लिखित परीक्षा हेतु भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, मुख्यालय, वी. रामालिंगस्वामी भवन, अंसारी नगर, नई दिल्ली में उपस्थित होना है तथा मुख्यालय के प्रथम तल पर बोर्ड कक्ष, कमरा संख्या 201-बी (ए.एस. पेंटल) में दिनांक 08.12.2021 को प्रात: 10.30 बजे साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार दस्तावेजों और संपूर्ण अन्य औपचारिकताओं के सत्यापन हेतु मूल दस्तावेजों के साथ प्रात: 9.30 बजे उक्त स्थान पर पहुंच जाने चाहिए। 10.00 बजे के पश्चात् पहुंचने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार की अनुमति नहीं होगी।

सहा.महानिदेशक (प्रशा.)
दूरभाष: 011-26589365